निगम तुहत द्वार महापौर संग गोठ के तहत वैशाली नगर में होंगे कई विकास कार्य, महापौर नीरज पाल ने रखी आधारशिला

भिलाई नगर/ निगम तुहत द्वार महापौर संग गोठ के तहत आज महापौर नीरज पाल वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर पहुंचे। वहां उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ भेट मुलाकात करते हुए वार्ड क्षेत्र का निरीक्षण किया लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। कृपाल नगर पहुंचने पर लोगों ने नाली की समस्या बताई जिस पर महापौर ने मौके पर अधिकारियों को नाली निकासी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। वही वार्ड 14 के सड़क नंबर 1, 2 और 3 में पानी की समस्या होने पर अधिकारियों को इंटरकनेक्शन के माध्यम से पेयजल व्यवस्था सुदृण करने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 14 शिवाजी नगर में बोर की मांग पर महापौर ने बोर खनन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। वार्ड भ्रमण एवं भेट मुलाकात के दौरान निगम आयुक्त रोहित व्यास, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्थानीय पार्षद अभिषेक मिश्रा, एमआईसी सदस्य नेहा साहू एवं लालचंद वर्मा, जोन आयुक्त येशा लहरे, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व निगम के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर में महापौर ने कई कार्यों की रखी आधारशिला वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर में महापौर नीरज पाल ने आज विकास कार्यों को लेकर आधारशिला रखी और मोहल्ले वासियों एवं जनप्रतिनिधियों से भूमि पूजन करा कर कार्य की शुरुआत कराई। वार्ड क्रमांक 14 में 10 लाख की लागत से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। सड़क नंबर 36 में 10 लाख की लागत से सीमेंटीकरण का कार्य होगा तथा तीन लाख की लागत से डोम शेड का निर्माण किया जाएगा। मोहल्ले वासियों की सबसे बड़ी जलभराव की समस्या के निदान के लिए महापौर नीरज पाल कई घंटों तक डटे रहे मैदान पर वार्ड भ्रमण के दौरान मोहल्ले वासियों ने चंद्र नगर कोहका में जलभराव की समस्या से महापौर को अवगत कराया तथा इंदु आईटी के समीप नाला सकरी हो जाने से बारिश के दिनों में जल भराव होना बताया। महापौर ने आयुक्त तथा आला अधिकारियों के साथ नाला का निरीक्षण किया, समस्या के समाधान के लिए कई घंटों तक स्पॉट पर रहे। उन्होंने समस्या का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं, अब आगे निगम ने इस दिशा में कदम बढ़ा दिया है। नाला के समीपस्थ क्षेत्रों का सीमांकन किया जायेगा इस आधार पर आगे कार्यवाही की जाएगी। शिविर में लोग हुए लाभान्वित शिविर में आवास योजना, पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, नियमितीकरण, आयुष्मान कार्ड आदि के लिए काउंटर स्थापित किए गए थे जहां पर लोगों ने शिविर में आवेदन देकर योजनाओं का भरपूर लाभ उठाया।